भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 862
उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2024

गोवा में डाकघरों में सुचारू कामकाज

862. श्री सदानंद शेट तनावड़े :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान गोवा में डाकघरों का रखरखाव या नवीनीकरण किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण रिक्तियां निर्मित हो गई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि अनिवासी कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण गोवा में डाकियों और अन्य कर्मचारियों के अस्थायी पद रिक्त हो गए हैं, जिससे डाकघरों में दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार इन डाकघरों में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए ऐसे रिक्त पदों को स्थायी निवासियों के माध्यम से भरने पर विचार करेगी?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) जी, हां। डाक विभाग ने पिछले 5 वर्षों के दौरान, गोवा में विभागीय भवनों के रखरखाव/ नवीनीकरण का कार्य किया है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :-

वर्ष	**ऐसे भवनों की संख्या, जिनके रखरखाव/ नवीनीकरण का कार्य किया गया**	**किया गया व्यय (रुपए में)**
2018-2019	4	107170
2019-2020	5	6327390
2020-2021	3	1122400
2021-2022	3	78550
2022-2023	5	2091494
	कुल	**9727004**

(ख) कार्मिकों/ग्रामीण डाक सेवकों के गोवा से बाहर स्थानांतरण के कारण, पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में हुई रिक्तियों का संवर्ग-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	**संवर्ग**	**कार्मिकों का स्थानांतरण होने के कारण पिछले पांच वर्षों में हुई रिक्तियों की संख्या**
1.	डाक सहायक	63
2.	डाकिया	04
3.	चालक	01
4.	मल्टी टास्किंग स्टाफ	01
5.	ग्रामीण डाक सेवक	31

(ग) ये रिक्तियां, स्थानांतरण, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, मृत्यु आदि के कारण उत्पन्न हुईं। रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है, जिसे नियमित रूप से पदोन्नति प्रदान कर और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से तथा डाक सर्कलों द्वारा संबंधित संवर्गों (काडर) के संगत भर्ती नियमों के प्रावधानों का पालन कर पूरा किया जा रहा है। डाक विभाग ने वर्ष 2023 के दौरान विभिन्न संवर्गों में 94312 नई भर्तियां की हैं।

*****